BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERSITY
LUCKNOW
प्रज्ञा शील करूणा
ESTABLISHED 1996

BBAU NEWS LETTER

Quarterly News Letter

January-March, 2020

www.bbau.ac.in

वाकेथॉन का आयोजन



बीबीएविवि 18 जनवरी। विश्वविद्यालय में दिनांक 18 जनवरी को मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स के निर्देशानुसार वाकेथॉन का आयोजन किया गया। 'फिट इंडिया मूवमेंट' के तहत आयोजित यह पैदल मार्च विवि के गौतम बुद्ध केंद्रीय पुस्तकालय से शुरू होकर विवि ऑडिटोरियम पर समाप्त हुई। इसमें विवि के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

विवि में वृक्षारोपण कार्यक्रम



बीबीएविवि, 17 जनवरी । विश्वविद्यालय में दिनांक 17 जनवरी को मानव संसाधन विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

इन्फ्रास्ट्रक्चर के सुधार के लिए अनुदान

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के भौतिकी विज्ञान और रसायन विज्ञान विभाग को अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर के सुधार के लिए डीएसटी, नई दिल्ली द्वारा क्रमशः 80 लाख रुपये एवं 253 लाख रुपये के अनुदान को मंजूरी दी गयी।

अभिजीत यूपीएससी परीक्षा में पायी सफलता

बीबीएविवि, 19 जनवरी। विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ स्टैटिटिक्स के छात्र अभिजीत शर्मा ने इस वर्ष हुई प्रतिष्ठित संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इंडियन स्टैटिस्टिकल सर्विसेज की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विवि को गौरवान्वित किया है।

आर्टिस्ट क्षितिज साहू पुरस्कृत



विश्वविद्यालय के मीडिया सेंटर में कार्यरत ग्राफिक आर्टिस्ट क्षितिज साहू को सीईसी प्रतियोगिता–2019 एड्यू राइट एंड एड्यू टून में सफलता प्राप्त हुई है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में साहू को उनके ई–लर्निंग पर आधारित कार्टून डिजाइन के लिए एड्यू टून श्रेणी में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।

बीबीएयू ने मनाया 24वॉ स्थापना दिवस समारोह



बीबीएविवि, 10 जनवरी । विश्वविद्यालय द्वारा अपने स्थापना वर्षगांठ समारोह के अवसर पर 10 जनवरी को दो दिवसीय पुरातन छात्र समागम समारोह एवं राष्ट्र निर्माण में शैक्षिक संस्थानों का योगदान भविष्यवादी दृष्टिकोण विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय प्रांगण में पहली बार पूर्व और वर्तमान छात्रों ने एक साथ समारोह में हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह में प्रारंभ हुआ। इसमे मुख्य अतिथि के रुप में हृदय नारायण दिक्षित (अध्यक्ष, विधानसभा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ), विशिष्ट अतिथि श्री भीकू रामजी इदाते (अध्यक्ष, राष्ट्रीय घुमंतू, अर्ध घुमंतू जनजाति आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली), विशिष्ट अतिथि श्री मिलिंद प्रहलाद काम्बले (अध्यक्ष, दलित भारतीय चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, पुणे) और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति माननीय डॉ0 प्रकाश सी0 बरतूनिया व कुलपति आचार्य संजय सिंह मंच पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय हृदय नारायण दीक्षित ने समारोह की विषयवस्तु राष्ट्र निर्माण में शैक्षिक संस्थानों का योगदान भविष्यवादी दृष्टिकोण पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह विषय शोध और बोध का है। हमारे वेदों में राष्ट्र की अवधारणा की व्याख्या मिलती है । शोध और बोध से राष्ट्र का जन्म और विकास होता है। शिक्षा के क्षेत्र में भारत प्राचीन काल से ही आगे रहा है।

विवि के स्थापना दिवस का समापन कार्यक्रम 11 जनवरी को हुआ । इसमें मुख्य अतिथि के रूप में संजय महावीर पासवान (पूर्व राज्यमंत्री, एमएचआरडी) ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के समय मे मानव जाति, यह पृथ्वी और यहां की सुख–शांति तीनों पर संकट छाया हुआ है हमें विचार करना होगा कि हम इस समस्या का समाधान किस प्रकार करें। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि इस दो दिवसीय समारोह में बहुत अच्छे वक्तव्य हुए। इससे लोगों को काफी प्रेरणा मिली होगी।



बीबीएयू का आईआईटी बीएचयू के साथ एमओयू



बीबीएविवि, 06 जनवरी । विश्वविद्यालय और आईआईटी, बीएचयू के बीच दिनांक 6 जनवरी को एमओयू हस्ताक्षरित हुआ है। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के पुराने अकादमिक भवन के सभागार में हुआ। इसमें मुख्य अतिथि आईआईटी बीएचयू के डायरेक्टर डॉ0 प्रमोद कुमार जैन के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह, विवि के कुलसचिव प्रोफेसर एस0 विक्टर बाबू एवं अन्य शिक्षक तथा छात्र उपस्थित थें। इस अवसर पर कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि इस एमओयू के बाद हमारे विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग के छात्रों को सीखने के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रमोद कुमार जैन ने कहा कि हमें विद्यार्थियों के भविष्य को केंद्र में रखकर इस एमओयू के अनुरूप अपने आगे के कार्य करना होगा।

परीक्षा पर चर्चा का सीधा प्रसारण देखा



बीबीएविवि, 20 जनवरी । विश्वविद्यालय का भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह दिनांक 20 जनवरी को विद्यार्थियों और शिक्षकों से भरा रहा। विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने भी सभी के साथ बैठकर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा का सीधा प्रसारण देखा। प्रधानमंत्री जी को सुनने और उनका मार्गदर्शन पाने के लिए विद्यार्थियों में काफी उत्साह रहा।

71वॉ गणतंत्र दिवस का धूमधाम से आयोजन

बीबीएविवि, 26 जनवरी । विश्वविद्यालय, में 26 जनवरी को देश का 71 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय का एसईएस ग्राउंड विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की उपस्थिति से भरा रहा।

कुलपति आचार्य संजय सिंह ने इस मौके पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि संविधान और समतामूलक समाज के जनक बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की वजह से आज ही के दिन हमें भारत का संविधान मिला। इनके दिखाये मार्ग के उजाले में हम 70 वर्षों का सफर तय कर आज 71वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। उन्हीं के आदर्शों को केंद्र में रख इस विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है, यह हमारे लिए हर्ष का विषय है।



विजिटिंग फेलो बनी प्रो० शिल्पी वर्मा



विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शिल्पी वर्मा को जादवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता ने अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय अकादमिक नेटवर्किंग एवं कोलैबोरेशन– रूसा 2.0 के तहत विजिटिंग फेलो नियुक्त किया है।

BBAU
NEWS LETTER
January-March, 2020

वर्कशॉप और अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



बीबीएविवि, 10 फरवरी । विश्वविद्यालय में "पब्लिकेशन एथिक्स एंड पेटेंटिंग और एनवायर्नमेंटल सस्टेनेबिलिटी इनोवेशन्स, ट्रांसलेशनल डाइमेंशन्स एंड वे फॉरवर्ड" विषय पर 10 फरवरी को तीन दिवसीय इंटीग्रेटेड वर्कशॉप और अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन विवि के पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ के सभागार में हुआ। विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह के संरक्षण में आयोजित हुई इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रमोद टंडन, सीईओ, बायोटेक पार्क, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर अब्दुल समद, डायरेक्टर, सीमैप के अतिरिक्त प्रो0 डी0 पी0 सिंह, प्रो0 आर0 पी0 सिंह, प्रो0 एस0 के0 द्विवेदी, डॉ0 ममता कपिला, एग्जेक्यूटिव एडिटर, स्प्रिंगर, नई दिल्ली और कार्यक्रम के समन्वयक और आयोजक सचिव प्रोफेसर नवीन कुमार अरोरा मंच पर उपस्थित रहे।

"एनवायर्नमेंटल सस्टेनेबिलिटी इनोवेशन्स, ट्रांसलेशनल डाइमेंशन्स एंड वे फॉरवर्ड" विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन 11 फरवरी को विश्वविद्यालय के भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह में हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि श्री बृजेश पाठक, कैबिनेट मिनिस्टर, उत्तर प्रदेश सरकार, विशिष्ट अतिथि, प्रोफेसर आलोक धवन, डायरेक्टर, सीएसआईआर–इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टॉक्सिकोलॉजी रिसर्च, लखनऊ, कार्यक्रम के संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह, प्रो0 एस0 के0 द्विवेदी,, प्रो0 डी0 पी0 सिंह, प्रो0 आर0 पी0 सिंह और आयोजक सचिव प्रोफेसर नवीन कुमार अरोरा मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरम्भ में प्रोफेसर नवीन कुमार अरोड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया। उ0प्र0 सरकार में मन्त्री बृजेश पाठक ने कहा कि हमने प्रगति करने के चक्कर में सभी वैज्ञानिक तकनीकों का अंधाधुंध प्रयोग, बिना उसके दूरगामी परिणाम जाने किया। हमने खुद के फायदे के लिए पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया है। हमें अपनी आने वाली पीढियों के भविष्य की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाना होगा।

कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि हमारी सनातन परंपरा में मनुष्यों और पर्यावरण में कोई भेद नहीं रहा है। हमने सभी जीव–जंतुओं, वृक्षों को समान अधिकार और सम्मान दिया है। मगर अब तकनीकी और आधुनिकता के चक्कर में हमने अपना वह संतुलन खो दिया। आज आवश्यकतानुसार ही हमें सीमित संसाधनों का उचित प्रयोग करना होगा।

बीबीएयू एवं एनआईपीईआर के बीच एमओयू



बीबीएविवि, 16 जनवरी । विश्वविद्यालय और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (एनआईपीईआर)–रायबरेली के बीच दिनांक 16 जनवरी को एक एमओयू हस्ताक्षरित हुआ है। इस अवसर पर नाइपर के डायरेक्टर प्रो0 एस0 जे0 एस0 फ्लोरा, और विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह, उपस्थित रहे।

मेघालय स्थापना दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम



बीबीएविवि, 21 जनवरी । मेघालय राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर 21 जनवरी को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, मेघालय की भाषा, खासी गीतों और मेघालय की संस्कृति के रंग में रंगा रहा। इस राज्य के नृत्य, व्यंजन और भाषा में गूंजते संगीत से विवि का भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई सभागार सराबोर रहा। यह कार्यक्रम विवि में एमएचआरडी के कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत (ईबीएसबी) के अंतर्गत मनाया गया।

एक भारत, श्रेष्ठ भारत के नोडल ऑफिसर प्रो0 नवीन अरोडा के अतिरिक्त प्रोफेसर डी0 पी0 सिंह, प्रो0 आर0 पी0 सिंह,, प्रोफेसर प्रीति सक्सेना, प्रो0 बी0 एस0 भदौरिया, डॉ0 यू0 वी0 किरण, डॉ0 नीतू सिंह, प्रोफेसर शिल्पी वर्मा, डॉ0 रचना गंगवार एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अपनी–अपनी प्रतिभा के साथ ही अपने अनुभव भी साझा किये।

नेशनल गर्ल चाइल्ड डे मनाया



बीबीएविवि, 24 जनवरी । विश्वविद्यालय में 24 जनवरी को नेशनल गर्ल चाइल्ड डे मनाया गया। संगोष्ठी की मुख्य अतिथि डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (क्राइम अगेंस्ट वीमेन एंड सिक्योरिटी, श्रीमती शालिनी जी रही। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रोफेसर सुमन भनोट, अतिथि नंदकिशोर सिंह (ऑक्सफेम, यूपी, इंडिया), प्रोफेसर आर0 पी0 सिंह (डीन एकेडमिक), डॉक्टर सोना दुरानी (पेन मैनेजमेंट कंसलटेंट), डॉ0 नेहा (साइकोलॉजिस्ट) श्रीमती मोनिका यादव (सीओ,1090), कार्यक्रम की संयोजक डॉ0 यू0 वी0 किरण मंच पर उपस्थित रही। इस अवसर पर वक्ताओं ने महिलाओं को सशक्त करने के सन्दर्भ में अपने अपने विचार व्यक्त किये।

धूमधाम से मनायी रविदास जयंती



बीबीएविवि, 09 फरवरी । विश्वविद्यालय में 09 फरवरी को रविदास जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रातः 11 बजे विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंडलायुक्त मुकेश मेश्राम ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संत रविदास के समरस समाज की प्रासंगिकता को किस प्रकार प्रदर्शित कर सकते हैं, हमें इस पर विचार करना चाहिए। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि अच्छी बातें सुनने और सोचने से हमारे व्यवहार में सकारात्मक बदलाव आते हैं । कार्यक्रम में प्रो0 बीएस भदौरिया ने सभी आगन्तुको का स्वागत किया। इसका संचालन डॉक्टर जया श्रीवास्तव ने किया ।

जिओ यूथ फेस्ट का आयोजन



बीबीएविवि, 07 फरवरी। विश्वविद्यालय में 07 फरवरी को जिओ यूथ फेस्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डी0 पी0 सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर यू0 के0 चौधरी, आईआईटी, बीएचयू, प्रोफेसर नवीन अरोड़ा, प्रोफेसर एस0 के0 द्विवेदी तथा कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर नरेंद्र कुमार मंच पर उपस्थित रहे। फेस्ट में कई दूसरे विवि एवं कालेज के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

योग और कल्याण विषय पर व्याख्यान



बीबीएविवि, 16 फरवरी । विश्वविद्यालय में 16 फरवरी को योग वैलनेस सेंटर के तत्वावधान में योग और कल्याण विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता प्रोफेसर एच0 आर0 नागेंद्र, चांसलर, स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान, बैंगलोर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरम्भ में प्रो0 नागेंद्र ने पौधारोपण किया। आचार्य नागेन्द्र ने विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग केवल मनुष्य ही नहीं, बल्कि पशु पक्षी सभी करते हैं। योग की सार्थकता केवल भारत में ही नहीं अपितु अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी स्वीकार की गई है। योग गुरु पंडित भीमसेन ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया। विश्वविद्यालय के योग वेलनेस सेंटर की योग प्रशिक्षिक पूनम शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 हरि शंकर सिंह ने किया।

मातृभाषा दिवस समारोह



बीबीएविवि, 20 फरवरी । विश्वविद्यालय में 20 फरवरी को मातृभाषा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विवि के पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ के सभागार में हुआ। कार्यक्रम में प्रोफेसर अरविंद कुमार झा, डीन, स्कूल ऑफ लैंग्वेज एंड लिटरेचर, प्रोफेसर शिल्पी वर्मा, हेड, डिपार्टमेंट ऑफ इंफॉर्मेशन एंड लाइब्रेरी साइंस, डॉ नमिता जैसल तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष, डॉक्टर सर्वेश सिंह और संयोजक डॉ0 शिव शंकर यादव मंच पर उपस्थित रहे । इस अवसर पर प्रो0 अरविंद कुमार झा एवं प्रो0 शिल्पी वर्मा ने समारोह की विषयवस्तु मौलिक चिंतन और मातृभाषा पर चर्चा की।

Workshop cum Faculty Development Program

BBAU, March 2.The inauguration ceremony of the five-day "National Training Workshop cum Faculty Development Program on the "Environment, Biodiversity and Disaster Risk Management" was held at in the conference hall of the department of Environmental scienc on March 2, 2020 .The workshop was organized under the joint aegis of the University's 'Department of Energy and Environment' and 'Institute of Disaster Management , Ministry of Home Affairs] Government of India'.Dr. A. D. Pathak, Director IISR and chief guest of the National workshop said that in our agrarian scenario climate change, soil degradation, falling water level were some of the buzzing problems that needed to be dealt with.

Prof. Anil Kumar Gupta, Head, Environment and Climate Disaster Risk Management Division and guest of honor of the occasion said that every person needed good health, clean drinking water, pure air and food, but people were not getting these basic facilities due to falling water level, pollution, global warming environmental changes.



महिला दिवस पर विविध कार्यक्रम



बीबीएविवि, 05 मार्च । विश्वविद्यालय में 05 मार्च को प्रेस इनफार्मेशन ब्यूरो, मिनिस्ट्री आफ इनफॉरमेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग एवं बीबीएयू द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती स्वाति सिंह, मिनिस्टर ऑफ वीमेन वेलफेयर, उत्तर प्रदेश सरकार, आर0 पी0 सरोज, अपर महानिदेशक, पी.आई.बी. व अपर महानिदेशक, दूरदर्शन (अतिरिक्त प्रभार), कुलपति आचार्य संजय सिंह, प्रो0 गोपाल सिंह, निदेशक, मीडिया सेंटर, प्रो0 सुदर्शन वर्मा, प्रो0 दीपा एच0 द्विवेदी मंच पर उपस्थित थें।

कार्यक्रम की शुरुआत में श्रीमती स्वाति सिंह ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी भारत की महिलाओं के समुचित अधिकार की बात करते हैं और इसके लिए वह विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से उनको मुख्यधारा से जोड़ने का सदैव प्रयास करते रहते हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि हमारी प्राचीन परंपरा में महिलाओं को देवियों के समान सम्मान दिया गया है । बदलते वक्त में हमारी यह प्राचीन संस्कृति खो गई है, हमें उस संस्कृति को पुनः स्थापित करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अपर महानिदेशक, पी.आई.बी., आर0 पी0 सरोज ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार द्वारा उठाये गये कदम की विस्तार से चर्चा की।



8 मार्च, बीबीएविवि। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में 8 मार्च, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय की जेंडर चैंपियन समिति एवं बेसिक फैसिलिटी ऑफ वूमेन समिति द्वारा रजनी खंड स्थित बस्तियों में महिला जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह भी जागरूकता अभियान का हिस्सा बने।

कार्यक्रम में प्रोफेसर सुदर्शन वर्मा जेंडर चैंपियन मिस पूर्वी एवं मिस रोहिणी दहिया, प्रो0 शिल्पी वर्मा, डॉक्टर यू0 वी0 किरण आदि उपस्थित थे।

फ्लो साइटोमेट्री पर कार्यशाला



बीबीएविवि, 5 मार्च । विश्वविद्यालय में फ्लो साइटोमेट्री की मूल जानकारी और बायोमेडिकल साइंसेज में इसके अनुप्रयोग विषय पर पॉच मार्च को तीन दिवसीय कार्यशाला उद्घाटन सत्र विवि के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रामाराव अथोता, पूर्व कुलपति, कृष्णदेवराय विश्वविद्यालय, आंध्रप्रदेश, के साथ कार्यक्रम के संरक्षक, विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह, अध्यक्ष, प्रो. दिनेश आर0 मोदी, आयोजक सचिव डॉ. रेखा गौड़, डॉ. गॉसिपाताला सुनील बाबू और समन्वयक डॉ. हेमंत अग्रवाल मंच पर उपस्थित रहे। डॉ. गॉसिपाताला सुनील बाबू ने तीन दिवसीय कार्यशाला की विषयवस्तु पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तीन दिवसीय कार्यशाला में फ्लो साइटोमेट्री के बारे में बताया जाएगा जो कि एक आधुनिक तकनीक है जिसमें विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में इसके विभिन्न अनुप्रयोग हैं। इस अवसर पर डॉ. रामाराव अथोता ने कहा कि पहले के दौर में भारत में केवल 2 या 3 ही फ्लो साइटोमेट्री हुआ करते थे, किन्तु आज भारत में चिकित्सा क्षेत्र में बहुत विकास हुआ है और कई जगह ये उपकरण उपलब्ध हैं। उन्होने इसके कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया।

कार्य साधना का एक वर्ष



बीबीएविवि, 24 फरवरी । विद्यार्थियों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने और शोध–क्षेत्र में विश्वविद्यालय को देश की अग्रणी संस्थाओं में शामिल करने के मिशन के साथ आचार्य संजय सिंह बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में बतौर कुलपति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए, दिनांक 24 फरवरी 2020 को अपने कार्यकाल का एक साल पूरा किया हैं। 24 फरवरी 2019 को आचार्य संजय सिंह ने विश्वविद्यालय में बतौर पांचवें कुलपति अपना पदभार ग्रहण किया था। अपनी कर्मभूमि को नमन करते हुए जब पहली बार कुलपति महोदय ने विश्वविद्यालय में पदार्पण किया, ठीक उसी क्षण उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया था कि वे विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा देने के साथ– साथ उन्हें एक बेहतर नागरिक बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। उनकी ये विचारधारा और निखर कर सामने आई जब कई संगोष्ठियों में वे विद्यार्थियों को शिक्षार्थ आइये, सेवार्थ जाइये, जीवन में अच्छे आचरण को अपनाने और आध्यात्मिक विचारों को आत्मसात करने का संदेश देते नजर आए। स्वयं को मूल रूप से एक शिक्षक की भूमिका में देखते हुए कुलपति महोदय ने अपने कार्यकाल के दूसरे दिन ही भैषजिक विज्ञान के विद्यार्थियों की कक्षा ली। उन्होंने साल भर के अंदर ही देश की 5 प्रमुख संस्थाओं, सी0डी0आर0आई0, नाइपर रायबरेली, आई.आई.टी. बी.एच.यू., डिक्की और एस–व्यासा के साथ एमओयू साइन कर विद्यार्थियों के लिए इन संस्थाओं के द्वार खोल दिये, ताकि विद्यार्थी पढ़ाई और अपने शोध कार्य के लिए इन संस्थाओं की मदद ले सकें।

विवि का यूआईईटी अब एक रेगुलर कोर्स बन गया है । इसके लिए 16 पदों पर स्वीकृति भी विवि को प्राप्त हो चुकी है, विवि में इनोवेशन, इन्क्यूबेशन और स्टार्टअप से संबंधित सेल की स्थापना हुई है। 2 नए छात्रावासों के निर्माण और विवि की आधारभूत सुविधाओं को बेहतर करने का रोडमैप भी तैयार किया गया है। विवि का आउटरीच बढ़ाने के लिए देश भर में 115 प्रवेश परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कुलपति महोदय विवि में प्रोफेसर, अस्सिस्टेंट प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर के खाली पदों पर भर्तियों के लिए यूजीसी की स्वीकृति लाने में भी सफल रहे हैं।

कुलपति ने विवि का शैक्षिक स्तर सुधारने की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रवेश परीक्षा, सेमेस्टर परीक्षा और परीक्षा परिणामों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया। साथ ही उन्होंने पहली बार विवि में सी.बी.सी.एस. सिस्टम लागू किया। इसमें विद्यार्थी अपने कोर्स के अतिरिक्त एक विषय सीबीसीएस के तहत चुनते हैं। इसी के साथ हर माह सभी विषयों का कोर्स फोल्डर भी तैयार किया जाता है। कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति पर भी कुलपति महोदय निगरानी बनाए हुए हैं, जिससे शैक्षिक कार्य सुचारू रूप से हो। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नैड को क्रियान्वित करने का श्रेय भी कुलपति महोदय को जाता है। नैड की बदौलत विवि के विद्यार्थी अब देश के किसी भी कोने से जब चाहें अपने शैक्षिक दस्तावेज डाऊनलोड कर सकते हैं। विवि में अनुशासन बनाए रखने के लिए नई गाइडलाइन्स भी जारी की गई हैं। इसका प्रभाव इस शैक्षिक सत्र में दिखाई पड़ा है। अकादमिक अराजकता को समाप्त करना किसी भी प्रशासनिक अधिकारी के लिए एक महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण कार्य होता है, कुलपति ने इस दिशा में भी कई सुधारवादी कार्य किये हैं।

इसके साथ ही विश्वविद्यालय में योग केंद्र की स्थापना, योग का सर्टिफिकेट कोर्स, संस्कृत विषय की पढ़ाई के लिए नया कोर्स, स्कूल फॉर परफॉर्मिंग आर्ट की स्थापना, वर्ष में दो बार पीएचडी प्रवेश परीक्षा, मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसलिंग सेंटर, बंद होने के कगार पर पहुँच चुकी रेसिडेंशियल कोचिंग को दुबारा शुरू करने जैसे कई अहम निर्णय कुलपति द्वारा लिए गए। विवि का मीडिया सेंटर भी क्रियान्वित हुआ है। उनके मार्गदर्शन में पहली बार नए विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय स्तर और संकाय स्तर पर स्टूडेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित हुआ । इसमें न सिर्फ नए विद्यार्थी बल्कि उनके अभिभावक भी शामिल हुए। विवि के बारे में विभिन्न जानकारी प्राप्त कर सभी चेहरों पर भविष्य को ले कर संतुष्टि का भाव दिखा।

बाबासाहेब की शिक्षा में विशेष रुचि थी, उनके नाम पर स्थापित इस विवि में अम्बेडकर जयंती का उत्सव हर बार की तरह इस बार भी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन बोर्ड मेंबर श्री रमेश पतंगे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।

विवि के ग्यारहवें दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन कुलपति के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ, जनरल बिपिन रावत ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। विश्वविद्यालय में पहली बार सभी उपाधि धारकों को एकसाथ उपाधि दी गई।

दिनांक 10 जनवरी 2020, अवसर, विवि का 24वां स्थापना दिवस पर पहली बार विश्वविद्यालय प्रांगण में पूर्व और वर्तमान छात्रों ने एक साथ किसी समारोह में हिस्सा लिया। कुलपति की पहल पर स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित हुए 'अल्युमनाई मीट' समारोह में कई महत्वपूर्ण अतिथियों ने पधार कर विद्यार्थियों को नई दिशा दिखाई और अपने आशीष वचनों से उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

विश्वविद्यालय में पहली बार हर बुद्धवार को "नो मोटर वेहिकल डे" मनाने का निर्णय कुलपति महोदय द्वारा लिया गया। एक साल के अंदर हजारों की संख्या में वृक्षारोपण किया गया और आमजन को मुफ्त में वृक्ष भी वितरित किए गए। इसके साथ ही पहली बार विश्वविद्यालय में बाहर से स्कूली बच्चों को वृक्षारोपण के लिए बुलाया गया।

कुलपति के मार्गदर्शन में साल भर के अंदर कई प्रयोगशालाओं, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठीयों का आयोजन किया गया। कुलपति विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए स्वयं कभी सेल्फ डिफेंस की कार्यशाला में प्रशिक्षण लेते नजर आए तो कभी योग, व्यायाम और खेलकूद में शामिल हो विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया।

कुलपति ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को अपनी शोध के पेटेंट कराने और जनउपयोगी शोध कार्यों को जनकल्याण की दिशा में आगे करने के लिए प्रेरित किया, इसके फलस्वरूप विश्वविद्यालय से कई शोध कार्य पेपर, पत्रिकाओं के माध्यम से सामने आए। नए शोधों का पेटेंट कराने के लिए पेटेंट सेल एवं शोध कार्यों को सहयोग देने के लिए रिसर्च सेल की स्थापना भी कुलपति महोदय का सुझाव था।

कुलपति के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में पहली बार लिंग संवेदीकरण समिति बनी, जो कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और छात्रावासों में समय–समय पर कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को लिंग समानता के प्रति जागरूक करती है। उन्होंने यहां की आई0क्यू0ए0सी0 सेल को पुनः कार्यान्वित किया, ताकि विवि में शिक्षा की गुणवत्ता, मूलभूत सुविधाओं व अन्य छात्र हित के मुद्दों पर विद्यार्थियों से बात कर आवश्यक सुधार किए जा सके।

एलुमनाई फीडबैक, एलुमनाई रिप्रेजेंटेशन, बीपीजीएस जैसी समितियों के निर्माण के साथ अब विवि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए विभिन्न क्लब बनाए जा रहे हैं, एक भारत, श्रेष्ठ भारत की टीम भी सक्रिय रुप से कार्य कर रही है, कुलपति का ग्रामीण क्षेत्रों में विकास, अच्छी शिक्षा और जागरूकता लाने का भी प्रयास सदैव रहा है। इस कारण पदभार ग्रहण करने के कुछ महीने बाद ही उन्होंने विवि द्वारा गोद लिए गांवो का भ्रमण किया और इसके लिए आश्वत किया कि जैविक खेती, स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा उन गांवों तक पहुँचे, विश्वविद्यालय इसका पूरा प्रयास करेगा। उम्मीद है आने वाले समय में विवि बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के सपनों को पूरा करने के दिशा में और तेजी से आगे बढ़ेगा।

पद एवं सम्मान

अनुभागीय अध्यक्ष चुने गए प्रो० जायसवाल



विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ अप्लाइड एनिमल साइंसेज के हेड प्रो0 कमल जायसवाल को 108वें इंडियन साइंस कांग्रेस, 2020–21 के एनिमल, वेटेरिनरी एंड फिशरीज साइंसेज के अनुभागीय अध्यक्ष के रूप में चुना गया है।

भूमि अधिग्रहण रिपोर्ट मूल्यांकन समूह के अध्यक्ष बने प्रो० मनीष वर्मा



विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मनीष कुमार वर्मा भूमि अधिग्रहण रिपोर्ट के मूल्यांकन के लिए बनी 5 सदस्यीय समूह के अध्यक्ष बनाये गये है। विवि के अर्थशास्त्र विभाग के प्रो0 सनातन नायक भी इस समूह के विशेषज्ञ सदस्य के रूप में चयनित किये गए हैं।

प्रो० अरोड़ा सम्मानित



विश्वविद्यालय के ऊर्जा और पर्यावरण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 नवीन कुमार अरोड़ा को राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, लखनऊ द्वारा फेलो ऑफ इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ एनवायर्नमेंटल बोटानिस्ट्स से सम्मानित किया गया है।

डॉ० ए०के० सिंह सम्मानित



विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 ए0के0 सिंह को अखिल भारतीय साहित्य परिषद् उ0प्र0 द्वारा साहित्य परिक्रमा सम्मान से सम्मानित किया गया है।

Babasaheb Bhimrao Ambedkar University

(A Central University)

Vidya Vihar, Raebareli Road, Lucknow-226025, Uttar Pradesh, India

Patron : Prof. Sanjay Singh, Vice Chancellor, BBAU

Editorial Advisors : Prof. Gopal Singh, Prof. Govind Ji Pandey, Dr. Mahendra Kr. Padhy, Dr. Rachana Gangwar, Dr. Loknath, Dr. K.S. Bahadur, Dr. A.K. Singh

Issue Editor : Dr. Rachana Gangwar